# बिहार लोक सेवा आयोग
# 65वीं प्रारंभिक परीक्षा-2019
# मॉडल पेपर-3 (सामान्य अध्ययन)

**समय: 2 घंटे** **अधिकतम अंक: 150**

1. बिहार विधानपरिषद में राज्यपाल द्वारा कितने सदस्यों को मनोनीत किया जाता है?
   (A) कुल सदस्यों का 1/10
   (B) कुल सदस्यों का 1/8
   (C) कुल सदस्यों का 1/7
   (D) कुल सदस्यों का 1/6
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

2. बिहार विधानपरिषद में सदस्यों की संख्या कितनी है?
   (A) 72 (B) 75
   (C) 78 (D) 80
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

3. राज्यपाल के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा एक कथन सत्य नहीं है?
   (A) वह राज्य की विधायिका का अंग होता है।
   (B) वह मृत्युदंड को क्षमा कर सकता है।
   (C) वह राज्य के उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति नहीं करता है।
   (D) उसके पास आपातकालीन शक्तियाँ नहीं है।
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

4. ग्राम पंचायत का मुखिया बनने हेतु किसी व्यक्ति की न्यूनतम आयु कितने वर्ष होना चाहिये?
   (A) 18 वर्ष (B) 21 वर्ष
   (C) 25 वर्ष (D) 30 वर्ष
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

5. भारत में राष्ट्रपति की मृत्यु, पदत्याग अथवा हटाए जाने पर पद में हुई रिक्ति को भरने की समय-सीमा क्या है?
   (A) एक माह (B) नौ माह
   (C) तीन माह (D) छः माह
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

6. संविधान के किस अनुच्छेद में धन विधेयक का उल्लेख है?
   (A) अनुच्छेद 110 (B) अनुच्छेद 112
   (C) अनुच्छेद 114 (D) अनुच्छेद-116
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

7. स्वतंत्रता के अधिकार के अंतर्गत निम्न में से क्या शामिल नहीं है?
   (A) वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार
   (B) शांतिपूर्वक और निरायुद्ध सम्मेलन का अधिकार
   (C) आर्थिक स्वतंत्रता का अधिकार
   (D) भारत के राज्य क्षेत्र में अबाध संचरण का अधिकार
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

8. निम्न में से कौन-सी सेवा अखिल भारतीय सेवाओं में शामिल नहीं है?
   (A) भारतीय प्रशासनिक सेवा
   (B) भारतीय विदेश सेवा
   (C) भारतीय वन सेवा
   (D) भारतीय पुलिस सेवा
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

9. संविधान के किस भाग में आपात् उपबंध का प्रावधान है?
   (A) भाग-18
   (B) भाग-19
   (C) भाग-20
   (D) भाग-22
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

10. राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने की प्रक्रिया में इनमें से कौन भाग नहीं ले सकता है?
   (A) संसद के दोनों सदनों के नामांकित सदस्य
   (B) लोकसभा के निर्वाचित सदस्य
   (C) राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य
   (D) राज्य विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

11. संविधान की प्रारूप समिति में निम्न में से कौन सदस्य शामिल नहीं थे?
   (A) एन. गोपालस्वामी आयंगर
   (B) सैयद मोहम्मद सादुल्ला
   (C) जी.वी. मावलंकर
   (D) डॉ. के.एम. मुंशी
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

12. संविधान की प्रक्रिया नियम समिति के अध्यक्ष कौन थे?
(A) डॉ. राजेंद्र प्रसाद (B) डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा
(C) उषा नाथ सेन (D) एच.सी. मुखर्जी
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

13. भारतीय संविधान के भाग चार में निम्न में से क्या वर्णित है?
(A) मूल कर्त्तव्य
(B) राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व
(C) नागरिकता
(D) मूल अधिकार
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

14. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में भारत को किस रूप में घोषित किया गया है?
(A) एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, प्रजातांत्रिक गणराज्य
(B) एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, लोकतांत्रिक गणराज्य
(C) एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य
(D) एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, अखंड गणराज्य
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

15. भारतीय संविधान में मौलिक कर्त्तव्यों का विचार कहाँ से लिया गया है?
(A) अमेरिका के संविधान से
(B) ब्रिटिश संविधान से
(C) रूस (पूर्व सोवियत संघ) के संविधान से
(D) फ्राँस के संविधान से
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

16. निम्नलिखित में से कौन निर्धनता के लिये उत्तरदायी नहीं है?
(A) अपर्याप्त संवृद्धि
(B) जनसंख्या की उच्च वृद्धि दर
(C) बेरोज़गारी
(D) बढ़ता निवेश
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

17. मुद्रा अवमूल्यन का अर्थ है-
(A) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में प्रयुक्त प्रमुख मुद्राओं की तुलना में मूल्य में गिरावट
(B) अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में मुद्रा को अपना स्तर ढूँढ़ने की अनुमति
(C) रुपयों के मूल्य में वृद्धि
(D) रुपयें के नोटों के बदले सोना प्राप्त करना
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

18. तारापोर समिति का संबंध था-
(A) विशेष आर्थिक क्षेत्र से
(B) पूर्ण पूंजी लेखा संपरिवर्तनीयता से
(C) विदेशी मुद्रा भंडार से
(D) भारतीय अर्थव्यवस्था पर तेल की कीमतों के प्रभाव से
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

19. जीएसटी की विभिन्न दरों के संदर्भ में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार किसे प्राप्त है?
(A) भारत के प्रधानमंत्री (B) भारत के राष्ट्रपति
(C) संसद (D) जीएसटी परिषद
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

20. 'बज़ट' एक लेख पत्र है-
(A) सरकार की मौद्रिक नीति का
(B) सरकार की वाणिज्य नीति का
(C) सरकार की राजकोषीय नीति का
(D) सरकार की मुद्रा बचत नीति का
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

21. इरडा (IRDA) नियमन करती है-
(A) बैंकिंग कंपनियों का (B) बीमा कंपनियों का
(C) फुटकर व्यापार का (D) बंदूक व्यापार का
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

22. भारत में किस संस्था द्वारा मौद्रिक नीति का निर्माण किया जाता है?
(A) भारतीय रिज़र्व बैंक (B) वित्त मंत्रालय
(C) सेबी (D) योजना आयोग
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

23. भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना हुई थी-
(A) अप्रैल 1935 (B) जुलाई, 1986
(C) मार्च 1935 (D) फरवरी, 1934
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

24. शब्द 'बुल' (Bull) तथा 'बियर' (Bear) किस व्यापार क्षेत्र से जुड़े हैं?
(A) विदेशी व्यापार
(B) बैंकिंग
(C) शेयर बाज़ार
(D) वस्तु निर्माण
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

25. 'फिलिप्स वक्र' किनके मध्य संबंध को व्यक्त करता है-
(A) मुद्रा विस्फीति एवं चक्रीय बेरोज़गारी
(B) मुद्रा विस्फीति एवं बेरोज़गारी
(C) मुद्रास्फीति एवं अदृश्य बेरोज़गारी
(D) मुद्रास्फीति एवं बेरोज़गारी
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

26. भारत में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन कब से प्रभावी हुआ?
(A) 2007-08 की रबी फसल से
(B) 2007-08 की खरीफ फसल से
(C) 2005-06 की रबी फसल से
(D) 2006-07 की खरीफ फसल से
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

27. सितंबर 2019 में जारी 'विश्व आर्थिक स्वतंत्रता वार्षिक रिपोर्ट-2019' में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ है?
(A) 79वाँ (B) 80वाँ
(C) 93वाँ (D) 97वाँ
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

28. 'डिजिटल इकोनॉमी रिपोर्ट-2019' जारी करने वाली संस्था है-
(A) अंकटाड
(B) विश्व बैंक
(C) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(D) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

29. प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत अब तक कुल कितने आवासों को स्वीकृति प्रदान की गई है?
(A) 88 लाख (B) 68 लाख
(C) 58 लाख (D) 78 लाख
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

30. वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (WEO) अपडेट के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2019–20 में किस दर से वृद्धि करेगी और वर्ष 2020-21 में वृद्धि की दर क्या रहने का अनुमान है?
(A) 6.5%, 7.0%
(B) 7.0%, 7.2%
(C) 7.2%, 6.8%
(D) 6.7%, 7.0%
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

31. बिहार का स्थापना दिवस है-
(A) 22 मार्च, 1912 (B) 6 जुलाई, 1911
(C) 31 अप्रैल, 1936 (D) 7 अगस्त, 1942
(E) उपर्युक्ता में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

32. बिहार के प्रथम मुस्लिम मुख्यमंत्री कौन थे?
(A) मजरूल हक (B) अब्दुल गफूर
(C) पीर अली (D) अब्दुल वारी
(E) उपर्युक्ता में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

33. पाटलिपुत्र में स्थित चंद्रगुप्त का महल मुख्यत: बना था-
(A) ईंटों का (B) पत्थर का
(C) लकड़ी का (D) मिट्टी का
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

34. वह स्रोत जिसमें पाटलिपुत्र के प्रशासन का वर्णन उपलब्ध है, वह है-
(A) दिव्यावदान (B) अर्थशास्त्र
(C) इंडिका (D) अशोक के शिलालेख
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

35. महावीर स्वामी का जन्म कहाँ हुआ था?
(A) कुंडग्राम (B) पाटलिपुत्र
(C) वैशाली (D) मगध
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

36. शेरशाह के बचपन का नाम क्या था?
(A) शेख खाँ (B) फरीद खाँ
(C) हसन खाँ (D) बहार खाँ
(E) उपर्युक्ता में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

37. किस मध्यकालीन वंश के शासनकाल में बिहार की राजधानी बिहारशरीफ थी?
(A) गुलाम वंश (B) मुगल वंश
(C) लोदी वंश (D) तुगलक वंश
(E) उपर्युक्ता में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

38. हुमायूँ ने चुनार दुर्ग पर प्रथम बार आक्रमण कब किया?
(A) 1532 ई. (B) 1631 ई.
(C) 1533 ई. (D) 1536 ई.
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

39. किस क्षेत्र में राहुल सांकृत्यायन 1920 के असहयोग आंदोलन में सक्रिय थे?
(A) छपरा (B) दिल्ली
(C) लखनऊ (D) पटना
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

40. 1855 ई. में संथालों ने किस अंग्रेज़ कमांडर को हराया?
(A) कैप्टन नेक फेविले (B) लेफ्टिनेंट बास्टिन
(C) मेजर बारो (D) कर्नल ह्वाइट
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

41. मुज़फ्फरपुर में किंग्स फोर्ड की हत्या का प्रयास कब किया गया?
(A) 1908 (B) 1909
(C) 1907 (D) 1911
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

42. उस क्षेत्र की पहचान करें जहाँ संथालों ने 1855-56 में अपनी सरकार की घोषणा कर दी थी-
(A) मुंगेर-भागलपुर
(B) भागलपुर-राजमहल
(C) गया-मुंगेर
(D) शाहाबाद-गया
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

43. 1763 ई. में पटना स्थित अंग्रेज़ों की फैक्ट्री पर अधिकार किया था-
(A) नवाब सिराजुद्दौला ने
(B) नवाब मीर जाफर ने
(C) नवाब मीर कासिम ने
(D) शाह आलम द्वितीय ने
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

44. वर्तमान में बिहार का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल (वर्ग किमी.) है-
(A) 94563 (B) 94765
(C) 94163 (D) 94635
(E) उपर्युक्ता में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

45. बिहार का सबसे गर्म ज़िला है-
(A) मुंगेर (B) सहरसा
(C) गया (D) अरवल
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

46. निम्नलिखित में से बिहार की कौन-सी झील राष्ट्रीय आर्द्रभूमि संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सरंक्षित है?
(A) काँवर झील (B) अनुपम झील
(C) बाखा झील (D) सुकमा झील
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

47. बिहार में निम्नलिखित में कौन रेशम (सिल्क) वस्त्र उत्पादक केंद्र है?
(A) मोतीपुर (B) बज़ारी
(C) भागलपुर (D) डालमियानगर
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

48. दक्षिण एशियाई क्ष्रेत्रीय सहयोग संगठन की स्थापना कब हुई?
(A) 1980 (B) 1985
(C) 1990 (D) 1970
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

49. बिहार के 'बरौनी' में तेलशोधक कारखाने की स्थापना कब की गई?
(A) 1962 में (B) 1964 में
(C) 1972 में (D) 1974 में
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

50. एशियन प्लाइवुड इंडस्ट्रीज स्थित है-
(A) पटना (B) हाजीपुर
(C) छपरा (D) पूर्णिया
(E) उपर्युक्ता में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

51. पूर्व-मध्य रेलवे का मुख्यालय है-
(A) हाजीपुर (B) पटना
(C) भागलपुर (D) दानापुर
(E) उपर्युक्ता में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

52. बिहार में सर्वाधिक लिंगानुपात वाला ज़िला है-
(A) सीवान (B) गोपालगंज
(C) पटना (D) वैशाली
(E) उपर्युक्ता में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

53. भारत की स्वतंत्रता के बाद बिहार के पहले राज्यपाल थे-
(A) माधव श्रीहरि अणे
(B) श्रीकृष्ण सिंह
(C) आर.आर. दिवाकर
(D) जयरामदास दौलतराम
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

54. बिहार में वर्तमान में कितनी ज़िला परिषदें है?
(A) 38 (B) 40
(C) 36 (D) 42
(E) उपर्युक्ता में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

55. तख्त श्री हरमंदिर साहिब का संबंध किस सिख गुरु से है?
(A) अर्जुन देव (B) गुरु गोविंद सिंह
(C) रामसिंह (D) इनमें से कोई नहीं।
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

56. 'स्यादवाद' संबंधित है:
(A) चार्वाक से (B) जैन से
(C) बौद्ध से (D) सांख्य से
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

57. पुलकेशिन-II को पराजित करने वाला राजा था-
(A) हर्ष (B) नरसिंहवर्मन प्रथम
(C) महेंद्रवर्मन (D) शशांक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

58. हर्ष के शासनकाल में भू-राजस्व का आधार था-
(A) भूमि का आकार (B) उपज का आधा भाग
(C) भूमि का प्रकार (D) जमींदार का निर्णय
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

59. हड़प्पा सभ्यता की जानकारी का प्रमुख स्रोत है-
(A) पकी मिट्टी की मुहरों पर अंकित लेख
(B) पुरातात्त्विक खुदाई
(C) शिलालेख
(D) लिपि
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

60. ऋग्वेद संहिता का नौवाँ मंडल पूर्णत: किसको समर्पित है?
(A) इंद्र (B) उर्वशी
(C) पौद्यों और जड़ी-बूटियों से संबंधित देवतागण
(D) सोम
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

61. कनिष्क के शासनकाल में जो बौद्ध संगीति आयोजित हुई थी, उसकी अध्यक्षता किसने की थी?
(A) नागार्जुन (B) शूद्रक
(C) वसुमित्र (D) अश्वघोष
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

62. नटराज की प्रसिद्ध काँस्य मूर्ति किस कला का उदाहरण है?
(A) गंधार कला का (B) मौर्य कला का
(C) गुप्त कला का (D) चोल कला का
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

63. बुद्ध के उपदेश किससे संबंधित हैं?
(A) आत्मा संबंधी विवाद
(B) ब्रह्मचर्य
(C) धार्मिक कर्मकांड
(D) आचरण की शुद्धता व पवित्रता
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

64. निम्नलिखित में से कौन-सा धर्म 'विश्व विनाशकारी प्रलय' की अवधारणा में विश्वास नहीं करता?
(A) बौद्ध धर्म (B) जैन धर्म
(C) हिंदू धर्म (D) इस्लाम
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

65. 'नथनार' कौन थे?
(A) शैव (B) वैष्णव
(C) शाक्त (D) सूर्योपासक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

66. दिल्ली सल्तनत का कौन-सा सुल्तान 'लाल बख्श' के नाम से जाना जाता है?
(A) इल्तुतमिश (B) मुहम्मद बिन तुगलक
(C) कुतुबुद्दीन ऐबक (D) बलबन
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

67. बलबन का पूरा नाम क्या था?
(A) जलालुद्दीन बलबन (B) कमालुद्दीन बलबन
(C) ग्यासुद्दीन बलबन (D) कमरूद्दीन बलबन
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

68. अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण के समय देवगिरी का शासक कौन-था?
(A) रामचंद्र देव (B) प्रताप रुद्रदेव
(C) राणा रतन सिंह (D) मलिक काफूर
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

69. 'अमीर-ए-कोही' नामक एक नया विभाग किस सुल्तान द्वारा शुरू किया गया था?
(A) अलाउद्दीन खिलजी (B) फिरोज शाह तुगलक
(C) मुहम्मद बिन तुगलक (D) सिंकदर लोदी
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

70. सिंचाई कर लगाने वाला दिल्ली सल्तनत का पहला शासक कौन था?
(A) मोहम्मद बिन तुगलक (B) ग्यासुद्दीन तुगलक
(C) फिरोजशाह तुगलक (D) सिकंदर लोदी
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

71. सन् 1920 में अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कॉन्ग्रेस की स्थापना कहाँ की गई?
(A) दिल्ली (B) कोलकाता
(C) चेन्नई (D) बंबई
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

72. 'लाल कुर्ती' संगठन किससे संबंधित था?
(A) अली बंधु (B) अंसारी बंधु
(C) अब्दुल गफ्फार खाँ (D) हसरत मोहानी
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

73. गांधी-इर्विन समझौता कब हुआ था?
(A) 4 मार्च, 1931 (B) 4 मार्च, 1932
(C) 5 मार्च, 1931 (D) 5 मार्च, 1932
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

74. ट्रेड यूनियन आंदोलन के क्रांतिकारी चरण समय था-
(A) 1926-39 (B) 1939-45
(C) 1918-26 (D) 1914-18
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

75. प्रांतीय सरकारों का गठन निम्नलिखित में से किस अधिनियम के तहत किया गया था?
(A) 1932 का अधिनियम (B) 1935 का अधिनियम
(C) 1936 का अधिनियम (D) 1947 का अधिनियम
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

76. 'सर्वोदय' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया था?
(A) विनोबा भावे (B) जयप्रकाश नारायण
(C) पंडित नेहरू (D) महात्मा गांधी
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

77. भारत छोड़ो आंदोलन के समय इंग्लैंड का प्रधानमंत्री कौन था?
(A) क्लीमेंट एटली (B) मैकडोनाल्ड
(C) चर्चिल (D) चैंबरलेन
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

78. भारतीय राष्ट्रीय सेना (I.N.A.) की स्थापना किस वर्ष में हुई?
(A) 1939 (B) 1940
(C) 1941 (D) 1942
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

79. कैबिनेट मिशन भारत कब आया?
(A) फरवरी, 1942 (B) मार्च, 1942
(C) फरवरी, 1946 (D) मार्च, 1946
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

80. सन् 1947 के भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के दिल्ली अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की?
(A) अबुल कलाम आज़ाद (B) राजेंद्र प्रसाद
(C) जे.बी. कृपलानी (D) जवाहर लाल नेहरू
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

81. भारतीय संविधान को बनाने में कुल कितना समय लगा?
(A) 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन
(B) 2 वर्ष 4 महीने 6 दिन
(C) 3 वर्ष
(D) 2 वर्ष 7 महीने
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

82. भारत में पुर्तगाली उपनिवेश का प्रथम वायसराय कौन था?
(A) वास्कोडिगामा (B) डियाज
(C) अल्बुकर्क (D) अल्मीडा
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

83. निम्नलिखित में से कौन-सा युद्ध था, जिसने भारत में ब्रिटिश प्रभुत्व को प्रारंभ किया?
(A) प्लासी का युद्ध
(B) बक्सर की लड़ाई
(C) मैसूर की तीसरी लड़ाई
(D) 1857 का स्वतंत्रता संग्राम
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

84. महाराजा रणजीत सिंह के उत्तराधिकारी थे-
(A) नौनिहाल सिंह
(B) शेर सिंह
(C) खड्ग सिंह
(D) हरिसिंह नलवा
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

85. किस गवर्नर जनरल ने भारत में दास प्रथा को समाप्त किया था?
(A) लॉर्ड कार्नवालिस ने
(B) लॉर्ड एलेनबरो ने
(C) लॉर्ड विलियम बैंटिक ने
(D) सर जॉन शोर ने
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

86. दूध के घनत्व को किसके द्वारा मापा जाता है?
(A) लैक्टोमीटर (B) हाइड्रोमीटर
(C) बैरोमीटर (D) हाइग्रोमीटर
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

87. अंतरिक्ष यात्री निर्वात में सीधे खड़े नहीं रह सकते क्योंकि वहाँ
(A) गुरुत्व नहीं होता है।
(B) वायुमंडल में श्यानता बल बहुत तीव्र होता है।
(C) सौर वायु ऊपर की ओर बल लगाती है।
(D) वायुमंडलीय दबाव बहुत कम होता है।
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

88. पेंडुलम को चंद्रमा पर ले जाने पर उसकी समयावधि-
(A) उतनी ही रहेगी (B) घटेगी
(C) शून्य हो जाएगी (D) बढ़ेगी
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

89. ध्वनि ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा में परिवर्तन किया जाता है-
(A) माइक्रोफोन द्वारा (B) लाउडस्पीकर द्वारा
(C) सौर सेल द्वारा (D) ग्रामोफोन द्वारा
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

90. निम्नलिखित में से किसमें उच्चतम ऊर्जा होती है?
(A) नीला प्रकाश (B) हरा प्रकाश
(C) लाल प्रकाश (D) पीला प्रकाश
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

91. यूरेनियम विखंडन की सतत् प्रक्रिया को जारी रखने में किस कण की ज़रूरत होती है?
(A) इलेक्ट्रॉन (B) प्रोट्रॉन
(C) न्यूट्रॉन (D) पॉजिट्रॉन
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

92. समुद्री जल को किस प्रक्रिया द्वारा शुद्ध किया जा सकता है?
(A) आसवन (B) वाष्पन
(C) फिल्टरन (D) प्रभाजी आसवन
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

93. एक कार बैटरी में प्रयुक्त विद्युत अपघट्य होता है-
(A) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
(B) सल्फ्यूरिक अम्ल
(C) नाइट्रिक अम्ल
(D) आसुत जल
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

94. रसायन उद्योग में कौन-सा तेजाब 'मूल रसायन' माना जाता है?
(A) $H_2CO_3$ (B) $HNO_3$
(C) $H_2SO_4$ (D) HCl
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

95. निम्नलिखित में सबसे प्रबल ऑक्सीकारक एजेंट क्या है?
(A) ऑक्सीजन (B) क्लोरीन
(C) फ्लोरीन (D) आयोडीन
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

96. निम्न में से किस कोशिकांग को कोशिका का 'पॉवर हाउस' कहते हैं?
(A) राइबोसोम (B) माइटोकॉन्ड्रिया
(C) कोशिका झिल्ली (D) सेंट्रोसोम
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

97. मनुष्य शरीर में खून की शुद्धिकरण की प्रक्रिया को कहते हैं-
(A) डायलिसिस (B) हिमोलेसिस
(C) ओसमोसिस (D) पैरालेसिस
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

98. निम्नलिखित में से यौगिकों के किस समूह को 'सहायक आहार कारक' कहा जाता है?
(A) वसा (B) अंतःस्राव (हार्मोन)
(C) प्रोटीन (D) विटामिन
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

99. जीवन-चक्र की दृष्टि से पौधे का सबसे महत्त्वपूर्ण अंग है-
(A) पुष्प (B) पत्ती
(C) तना (D) जड़
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

100. ल्यूकेमिया एक प्रकार का कैंसर है जिसमें असाधारण बढ़ोतरी होती है-
(A) अस्थि कोशिकाओं की संख्या में
(B) प्लेटलेट की संख्या में
(C) लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या में
(D) श्वेत रक्त कोशिकाओं की संख्या में
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

101. निम्नलिखित में से कौन-सा एंजाइम ग्लूकोज को इथेनॉल में परिवर्तन करने को प्रेरित करता है?
(A) जाइमेज
(B) इनवरटेज
(C) माल्टेज
(D) डायस्टेज
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

102. जस्तेदार लोहे की चादरें ज़ंग से बची रहती हैं, क्योंकि उन पर निम्नलिखित की परत विद्यमान होती है-
(A) सीसा (B) क्रोमियम
(C) यशद (D) ज़ंग
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

103. निम्नलिखित में से कौन-सा आनुवांशिक रोग नहीं है?
(A) रतौंधी
(B) रंजकहीनता
(C) हीमोफिलिया
(D) वर्णांधता
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

104. निम्नलिखित में से क्या रासायनिक अभिक्रिया नहीं है?
(A) कागज़ का जलना
(B) भोजन पकना
(C) पानी का भाप में बदलना
(D) कोयले का जलना
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

105. रात के समय आवासीय क्षेत्र में शोर का अनुमत स्तर है-
(A) 45 db (B) 55 db
(C) 75 db (D) 80 db
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

106. एक पार्टी में उपस्थित मेहमानों की औसत आयु 25 वर्ष है। कुछ समय बाद 15 नए मेहमान भी पार्टी में आ जाते हैं तो सभी मेहमानों की औसत आयु 28 वर्ष हो जाती है। बताएँ कि पहले से पार्टी में कितने मेहमान उपस्थित थे, यदि नए मेहमानों की औसत आयु 31 वर्ष हो?

(A) 20 (B) 18
(C) 15 (D) 25
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

107. यदि $X^a = Y, Y^b = Z$ तथा $Z^c = X$ तो abc = ?

(A) 1 (B) 0
(C) –1 (D) 2
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक


108. एक केमिकल फैक्ट्री में 555 लीटर, 444 लीटर और 518 लीटर की तीन टंकियाँ केमिकल से भरी हुई हैं। वह बड़ी से बड़ी माप (लीटर में) क्या होगी जो उन्हें पूरा-पूरा माप सके?

(A) 11 लीटर (B) 44 लीटर
(C) 26 लीटर (D) 37 लीटर
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

109. एक व्यक्ति दिल्ली से गाज़ियाबाद 15 किमी./घंटा की चाल से जाता है तथा 10 किमी./घंटा की चाल से वापस लौटता है। पूरी यात्रा की औसत चाल ज्ञात कीजिये।

(A) 15 किमी./घंटा (B) 20 किमी./घंटा
(C) 18 किमी./घंटा (D) 12 किमी./घंटा
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

110.




यदि वृत्त का केंद्र O है एवं त्रिज्या 5 मी. है तो रेखांकित क्षेत्र का क्षेत्रफल क्या होगा?

(A) $\frac{25}{12}$ मी.²
(B) $\frac{25}{4}$ मी.²
(C) $\frac{25}{12}\pi$ मी.²
(D) $\left(\frac{25}{12}\pi - \frac{25}{4}\right)$ मी.²
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

111. यदि किसी कोड भाषा में BATDUX को कोड 217463, CAXZAS का कोड 313118 और CABWYZ का कोड 312421 हो तो इसी भाषा में FABZUT का कोड क्या होगा?

(A) 612262120 (B) 6122610
(C) 2165167 (D) 612167
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

112. एक कक्षा में 10 लड़कों और 11 लड़कियों का नामांकन है। आज केवल एक लड़की सीता अनुपस्थित है। आज कक्षा में यादृच्छया एक विद्यार्थी को खड़ा किया जाए तो क्या प्रायिकता है कि वह लड़की होगी?

(A) $\frac{4}{21}$ (B) $\frac{11}{21}$
(C) $\frac{1}{2}$ (D) $\frac{10}{21}$
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

113. यदि संख्या 3234k36, 9 से पूर्णतः विभाजित हो जाती है तो k के स्थान पर कौन-सा अंक आएगा?

(A) 5 (B) 3
(C) 7 (D) 6
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

114. दो व्यक्तियों की वर्तमान आयु क्रमशः 36 और 50 वर्ष है। यदि n वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात 3 : 4 हो जाता है तो n का मान ज्ञात करें।

(A) 7 वर्ष
(B) 6 वर्ष
(C) 3 वर्ष
(D) 8 वर्ष
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

115. यदि $3^x = 4^y = 12^{-z}$ तो $\left(\frac{1}{x}+\frac{1}{y}+\frac{1}{z}\right) = ?$

(A) 0 (B) –1
(C) 4 (D) 12
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

116. हाल ही में किस राज्य की विधानसभा ने मॉब लिंचिंग और ऑनर किलिंग के विरुद्ध विधेयक पारित कर दिया है?
(A) राजस्थान (B) बिहार
(C) मध्य प्रदेश (D) झारखंड
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/ उपर्युक्त में से एक से अधिक

117. दुनिया का सबसे ऊँचा मौसम केंद्र निम्नलिखित में से किस पर्वत शिखर पर स्थापित किया गया है?
(A) माउंट एवरेस्ट (B) गुरुशिखर
(C) नंदादेवी (D) मकालू
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/ उपर्युक्त में से एक से अधिक

118. वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2019 की रिपोर्ट के अनुसार भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य 'बहुआयामी गरीबी' को सबसे तेजी से हटाने वाला राज्य है?
(A) बिहार (B) झारखंड
(C) उत्तर प्रदेश (D) सिक्किम
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/ उपर्युक्त में से एक से अधिक

119. 'रावण-1' है-
(A) श्रीलंका का पहला उपग्रह
(B) श्रीलंका का पहला अंतरिक्ष स्टेशन
(C) चमकी बुखार के लिये ईजाद की गई नई बैक्सीन
(D) भारत द्वारा विकसित फ्री फ्लाइंग रोबोट
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

120. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स के किस सौर भौतिक विज्ञानी को नासा द्वारा पंच-मिशन के सह-अन्वेषक के रूप में चुना गया है?
(A) दीपांकर बनर्जी
(B) डॉ. फ्रैंक बी मैकडॉनल्ड्स
(C) डॉ. नोएल हिनर्स
(D) डॉ. फ्राँस ए कोर्डोवा
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

121. 27 मई, 2019 को जारी 'किड्स राइट इंडेक्स-2019' में 181 देशों में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ?
(A) 112वाँ (B) 113वाँ
(C) 117वाँ (D) 119वाँ
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

122. मई 2019 में गोवा में किन दो देशों के बीच संयुक्त नौसेना अभ्यास 'वरुण' संपन्न हुआ?
(A) भारत और यूएसए (B) भारत और फ्रांस
(C) भारत और रूस (D) भारत और श्रीलंका
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

123. वर्ष 2018 के व्यास सम्मान हेतु निम्नलिखित में से किसे चुना गया है?
(A) लीलाधर जूगड़ी (B) चित्रा मुद्गल
(C) प्रतिष्ठा सिंह (D) एनी जैदी
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

124. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य देश का पहला 'धुआँ मुक्त' राज्य बन गया है?
(A) मध्य प्रदेश (B) केरल
(C) महाराष्ट्र (D) कर्नाटक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

125. दिसंबर 2018 में घोषित 'राज्यों की स्टार्ट-अप रैंकिंग 2018' में सर्वप्रथम राज्य किसे घोषित किया गया?
(A) बिहार (B) गोवा
(C) गुजरात (D) महाराष्ट्र
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

126. विश्व बैंक द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भरोसेमंद बिजली आपूर्ति में भारत किस स्थान पर है?
(A) 52वें (B) 57वें
(C) 80वें (D) 92वें
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

127. मेघालय में 2022 में होने वाले राष्ट्रीय खेलों के लिये मुख्य शुभंकर किसे घोषित किया गया है?
(A) तेंदुआ (B) कोयल
(C) पोलर बीयर (D) नीलकंठ
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

128. द ड्रामेटिक डिकेड: द टर्बुलेंट ईयर्स और द कोलीजन ईयर्स' नामक पुस्तक के रचयिता इनमें में से कौन हैं?
(A) सत्यार्थ नायक (B) अनुपम खेर
(C) प्रणव मुखर्जी (D) पी.चिदंबरम
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

129. निम्नलिखित में से किसे पद्म विभूषण पुरस्कार, 2019 से सम्मानित नहीं किया गया है?
(A) तीजन बाई
(B) इस्माइल उमर गुलेह
(C) अनिल कुमार मणिमाई नाईक
(D) हुकुमदेव नारायण यादव
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

130. पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2019' का शुभंकर था-
(A) सोहोरांग (B) पांडी
(C) जया और विजया (D) हेमा और जया
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

131. 12वाँ इंडियन प्रीमियर लीग-2019 के फाइनल मैच में कौन-सी टीम विजयी हुई?
(A) मुंबई इंडियंस
(B) चेन्नई सुपर किंग्स
(C) सन राइजर्स हैदराबाद
(D) कोलकाता नाइट राइडर्स
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

132. महिलाओं हेतु चलाई जानेवाली योजना 'सेफ सिटी सर्विलांस स्कीम' का संबंध निम्नलिखित में से किस राज्य से है?
(A) बिहार (B) झारखंड
(C) ओडिशा (D) सिक्किम
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

133. जून, 2019 में की गई घोषणा के अनुसार भारत के 20वें आइफा (IIFA) अवार्ड का आयोजन कहाँ किया जाएगा?
(A) श्रीलंका (B) नेपाल
(C) बांग्लादेश (D) अफगानिस्तान
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

134. निम्नलिखित में से किस राज्य की 'कंधमाल हल्दी' को 1 अप्रैल, 2019 को भौगोलिक संकेतक (GI) प्रदान किया गया?
(A) पश्चिम बंगाल (B) केरल
(C) ओडिशा (D) मध्य प्रदेश
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

135. भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निम्न में से किस योजना के तहत 'आध्यात्मिक सर्किट का विकास : श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर अरनमुला-सबरीमाला' परियोजना का उद्घाटन केरल राज्य में किया गया है?
(A) स्वदेश दर्शन योजना
(B) कायाकल्प योजना
(C) हृदय योजना
(D) धरोहर गोद ले योजना
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

136. कौन सा राज्य उत्तर-पूर्वी राज्यों की 'सात बहनों' का भाग नहीं है?
(A) मेघालय
(B) पश्चिम बंगाल
(C) अरुणाचल प्रदेश
(D) त्रिपुरा
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

137. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?

| | **पर्वत दर्रा** | | **राज्य** |
|---|---|---|---|
| (A) | शिपकी ला | - | हिमाचल प्रदेश |
| (B) | बामडीला | - | अरूणाचल प्रदेश |
| (C) | नाथु ला | - | मेघालय |
| (D) | ज़ोजिला | - | जम्मू एवं कश्मीर |

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

138. भारतीय उपमहाद्वीप मूलत: एक विशाल भूखंड का भाग था जिसे कहते हैं-
(A) जुरैसिक भूखंड
(B) आर्यावर्त
(C) इंडियाना
(D) गोंडवानालैंड
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

139. जहाँ पूर्वी घाट और पश्चिमी घाट मिलते हैं, वहाँ निम्नलिखित में से कौन-सी पहाड़ियाँ अवस्थित हैं?
(A) अन्नामलाई पहाड़ियाँ (B) कार्डमम पहाड़ियाँ
(C) नीलगिरी पहाड़ियाँ (D) शेवरॉय पहाड़ियाँ
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

140. नदियों की लंबाई के अवरोही क्रम में गोदावरी, महानदी, नर्मदा व ताप्ती का सही अनुक्रम कौन सा है?
(A) गोदावरी-महानदी-नर्मदा-ताप्ती
(B) गोदावरी-नर्मदा-महानदी-ताप्ती
(C) नर्मदा-गोदावरी-ताप्ती-महानदी
(D) नर्मदा-ताप्ती-गोदावरी-महानदी
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

141. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सही उत्तर सूचियों के नीचे दिये गये कूट से चुनिये:

| **सूची**-I | **सूची**-II |
|---|---|
| A. उष्णकटिंबधीय वन | 1. सुंदरवन |
| B. शंकुवृक्ष वन | 2. हिमाचल प्रदेश |
| C. कच्छ वनस्पति | 3. राजस्थान |
| D. पतझड़ वन | 4. साइलेंट वैली |

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |

(E)उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

142. काल्पोंग जलविद्युत परियोजना अवस्थित है-
(A) अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में
(B) अरुणाचल प्रदेश में
(C) मेघालय में
(D) सिक्किम में
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

143. एक ऐसे क्षेत्र में जहाँ वार्षिक वर्षा 200 सेमी. से अधिक होती है और ढलाव पहाड़ी स्थल है, किसकी खेती अभीष्ट (Ideal) होगी?
(A) सन (B) कपास
(C) चाय (D) मक्का
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

144. भारत में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध महत्त्वपूर्ण नाभिकीय ईंधन है-
(A) यूरेनियम (B) थोरियम
(C) इरीडियम (D) प्लूटोनियम
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

145. भारत में प्रथम कपास मिल (सूती वस्त्र उद्योग) की स्थापना किस शहर में हुई?
(A) बंबई (B) अहमदाबाद
(C) बड़ौदा (D) कलकत्ता
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

146. पश्चिमी घाट के संदर्भ में कौन-सा कथन सही नहीं है?
(A) यह भारत के सबसे ज़्यादा वर्षण वाले क्षेत्रों में से एक है।
(B) पश्चिमी घाट से कावेरी और पेरियार नदी का उद्गम होता है।
(C) यह भारतीय जैव विविधता के सबसे समृद्ध हॉटस्पॉट में से एक है।
(D) उत्तर भारत का संपूर्ण अपवाह तंत्र पश्चिमी घाट से नियंत्रित होता है।
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

147. सागर नितल प्रसरण सिद्धांत का प्रतिपादन किया-
(A) अल्फ्रेड वेगनर ने (B) एफ.बी. टेलर ने
(C) हैरी हेस ने (D) डब्ल्यू.जे. मॉर्गन ने
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

148. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 'मेसाबी रेंज' जिस उत्पाद के लिये प्रसिद्ध है, वह है-
(A) तांबा (B) सोना
(C) लौह अयस्क (D) यूरेनियम
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

149. अलेक्ज़ेंड्रिया समुद्र पत्तन है-
(A) मिस्र का (B) इज़राइल का
(C) जॉर्डन का (D) लीबिया का
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

150. विली-विली है-
(A) एक प्रकार का वृक्ष जो शीतोष्ण कटिबंध में उगता है
(B) एक प्रकार की हवा जो मरुस्थल में चलती है
(C) उत्तर-पश्चिम ऑस्ट्रेलिया का उष्ण कटिबंधीय चक्रवात
(D) लक्षद्वीप समूह के निकट सामान्यत: पाई जाने वाली मछली का एक प्रकार
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

## बिहार लोक सेवा आयोग 65वीं प्रारंभिक परीक्षा-2019
## मॉडल पेपर-3 (सामान्य अध्ययन)
### उत्तरमाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (D) | 39. | (A) | 77. | (C) | 115. | (A) |
| 2. | (B) | 40. | (C) | 78. | (D) | 116. | (A) |
| 3. | (B) | 41. | (A) | 79. | (C) | 117. | (A) |
| 4. | (B) | 42. | (B) | 80. | (B) | 118. | (B) |
| 5. | (D) | 43. | (C) | 81. | (A) | 119. | (A) |
| 6. | (A) | 44. | (A) | 82. | (D) | 120. | (A) |
| 7. | (C) | 45. | (C) | 83. | (A) | 121. | (C) |
| 8. | (B) | 46. | (A) | 84. | (C) | 122. | (B) |
| 9. | (A) | 47. | (C) | 85. | (B) | 123. | (A) |
| 10. | (D) | 48. | (B) | 86. | (A) | 124. | (B) |
| 11. | (C) | 49. | (B) | 87. | (A) | 125. | (C) |
| 12. | (A) | 50. | (B) | 88. | (D) | 126. | (C) |
| 13. | (B) | 51. | (A) | 89. | (A) | 127. | (A) |
| 14. | (C) | 52. | (B) | 90. | (A) | 128. | (C) |
| 15. | (C) | 53. | (D) | 91. | (C) | 129. | (D) |
| 16. | (D) | 54. | (A) | 92. | (A) | 130. | (C) |
| 17. | (A) | 55. | (B) | 93. | (B) | 131. | (A) |
| 18. | (B) | 56. | (B) | 94. | (C) | 132. | (A) |
| 19. | (D) | 57. | (B) | 95. | (C) | 133. | (B) |
| 20. | (C) | 58. | (C) | 96. | (B) | 134. | (C) |
| 21. | (B) | 59. | (B) | 97. | (A) | 135. | (A) |
| 22. | (A) | 60. | (D) | 98. | (D) | 136. | (B) |
| 23. | (A) | 61. | (C) | 99. | (A) | 137. | (C) |
| 24. | (C) | 62. | (D) | 100. | (D) | 138. | (D) |
| 25. | (D) | 63. | (D) | 101. | (A) | 139. | (C) |
| 26. | (A) | 64. | (B) | 102. | (C) | 140. | (B) |
| 27. | (A) | 65. | (A) | 103. | (A) | 141. | (D) |
| 28. | (A) | 66. | (C) | 104. | (C) | 142. | (A) |
| 29. | (A) | 67. | (C) | 105. | (A) | 143. | (C) |
| 30. | (B) | 68. | (A) | 106. | (C) | 144. | (B) |
| 31. | (A) | 69. | (C) | 107. | (A) | 145. | (D) |
| 32. | (B) | 70. | (C) | 108. | (D) | 146. | (D) |
| 33. | (C) | 71. | (D) | 109. | (D) | 147. | (C) |
| 34. | (C) | 72. | (C) | 110. | (D) | 148. | (C) |
| 35. | (A) | 73. | (C) | 111. | (D) | 149. | (A) |
| 36. | (B) | 74. | (A) | 112. | (C) | 150. | (C) |
| 37. | (D) | 75. | (B) | 113. | (D) | | |
| 38. | (A) | 76. | (D) | 114. | (B) | | |